हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–314 : जौनपुर, मंगलवार 29 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में नई लीडरशिप तैयार करने की दिशा में बढ़ाया कदम

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के नए चेहरों को बड़ी जिम्मेदारी देकर एक ओर जहां नई लीडरशिप तैयार करने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया है। वहीं युवाओं और महिलाओं को भी महत्वपूर्ण विभाग सौंपकर वोट बैंक को साधने का प्रयास किया है। कैबिनेट मंत्री बनीं बेबीरानी मौर्य को महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार जैसा महत्वपूर्ण विभाग सौंपा गया है। योगेंद्र उपाध्याय को उच्च शिक्षा जैसा बड़ा महकमा देकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को लागू करने का साथ शिक्षा में संघ परिवार का एजेंडा लागू करने की कमान सौंपी है। प्रदेश के पर्यटन विकास के साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक स्थलों के विकास के लिए पर्यटन मकहमे की जिम्मेदारी जयवीर सिंह को दी गई है। संदीप सिंह को बजट और मानव संसाधन की दृष्टि से काफी अहम बेसिक जैसा विभाग सौंपा गया है। पहली बार मंत्री बने जेपीएस राठौर को सहकारिता मंत्रालय की कमान सौंपकर केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के एजेंडे को लागू करने की जिम्मेदारी दी गई है। परिवहन विभाग की कमान तेज तर्रार दयाशंकर सिंह को सौंपकर विभाग की छवि सुधारने के साथ सड़क परिवहन की दृष्टि से यूपी को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। असीम अरुण को समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग देकर दलित वोट बैंक को साधने की कोशिश की गई है। अनूप प्रधान व सतीश शर्मा सीएम से संबद्ध राज्यमंत्रियों में अनूप प्रधान वाल्मीकि को राजस्व और सतीश शर्मा को खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग की जिम्मेदारी सौंपकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने दोनों को अपने साथ संबद्ध रखा है। मयंकेश्वर शरण सिंह संसदीय कार्य तथा चिकित्सा स्वास्थ्य, दिनेश खटीक व रामकेश निषाद जलशक्ति, संजीव गोंड समाज कल्याण, बलदेव सिंह औलख कृषि, अजीत पाल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी, जसवंत सैनी संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास, मनोहर लाल मन्नू श्रम एवं सेवायोजन, संजय गंगवार

गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, बृजेश सिंह लोक निर्माण, केपी मलिक वन एवं पर्यावरण, सुरेश राही कारागार, सोमेंद्र तोमर ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा, प्रतिभा शुक्ला महिला कल्याए, बाल विकास एवं पुष्टाहार, राकेश राठौर गुरु नगर विकास, रजनी तिवारी उच्च शिक्षा, दानिश आजाद अंसारी अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज से संबद्ध रहेंगे। विजय लक्ष्मी गौतम उप मुख्यमंत्री से संबद्ध रहेंगी।

नंदी से फिसला अवस्थापना

नंदी को औद्योगिक विकास विभाग की कमान जरूर सौंपी गई है, लेकिन इसका महत्वपूर्ण हिस्सा अवस्थापना मुख्यमंत्री ने अपने पास रखा है। जानकारों का कहना है कि औद्योगिक विकास में अवस्थापना का हिस्सा बेहद अहम है।

पांच मंत्रियों को पुराने विभाग, खन्ना का कद घटा

सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, भूपेंद्र चौधरी, कपिलदेव अग्रवाल और रवींद्र जायसवाल को पुराने विभाग ही मिले हैं। सुरेश खन्ना का कद भी घटा है। उनसे चिकित्सा शिक्षा छिन गया है। अब उनके पास वित्त और संसदीय कार्य ही रह गया है। सूर्य प्रताप शाही के पास कृषि, भूपेंद्र चौधरी के पास पंचायती राज, कपिलदेव अग्रवाल के पास व्यावसायिक शिक्षा व कौशल विकास और रवींद्र जायसवाल के पास पहले की तरह स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन बनाए रखा गया है।

मिस जौनपुर चुनी श्रेष्ठा मोदनवाल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 27 मार्च को वाराणसी के होटल रीजेंसी में आयोजित अवार्ड शो में अपनी प्रसिद्ध इमरती के लिए ओलंदगंज स्थित मशहूर बेनीराम प्यारेलाल की सातवीं पीढ़ी में जन्मी मनोज मोदनवाल की 21 वर्षीय पुत्री श्रेष्ठा मोदनवाल ने अवार्ड शो के 3 राउंड प्रतियोगिता जिसमे इंट्रोडक्शन राउंड, टैलेंट राउंड, और साक्षात्कार में अपने 26 प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए मिस जौनपुर का ताज अपने नाम कर लिया।

पूरी दुनियां में मशहूर जौनपुर मे बेनीराम की इमरती की मिठास देश के प्रधानमंत्री तक कर चुके है। श्रेष्ठा मोदनवाल ने बताया कि अवॉर्ड शो आए हुए जजेज ने फूल मार्क्स के साथ हमने मिस जौनपुर का खिताब अपने नाम किया। एक्टर्स श्रुति शर्मा ने अपने हाथों मिस जौनपुर का क्राउन पहनाया गया। अपनी प्रसिद्ध इमरती की तरह प्रसिद्ध हुई मिस जौनपुर श्रेष्ठा मोदनवाल ने अपने परिवार के साथ साथ जनपद का भी नाम रोशन किया।

मृत्युंजय सिंह पुनः चुने गए ब्लाक अध्यक्ष व नूपुर चुनी गई महिला अध्यक्ष

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई सिकरारा कार्यसमिति के तीन वर्ष के कार्यकाल पूरा होने के पश्चात जिलाध्यक्ष अमित सिंह के निर्देश पर चुनाव पर्यवेक्षक की देख रेख में त्रिवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से एकबार पुनः मृत्युंजय सिंह को ब्लाक अध्यक्ष चुना गया साथ ही नूपुर श्रीवास्तव महिला प्रकोष्ठ ब्लाक अध्यक्ष चुनी गई। चुनाव पर्यवेक्षक जिला कोषाध्यक्ष रोहित यादव व चुनाव अधिकारी महिला अध्यक्ष अर्चना सिंह व मछलीशहर महिला ब्लाक अध्यक्ष अफसाना बानो की उपस्थिति में बैठक प्रारंभ होते ही वरिष्ठ पदाधिकारी राजीव उपाध्याय व इंदु यादव द्वारा सदन में एक बार पुनः मृत्युंजय सिंह के कुशल नेतृत्व में पूरी कार्यसमिति का पुनः नवीनीकरण प्रस्ताव रखा गया, जिसे वहाँ उपस्थिति समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं ने बड़े हर्ष के साथ सर्वसम्मति से ध्वनि मत से स्वीकार करते हुए पारित कर दिया। इसके साथ ही ओंकार पाल को मंत्री राजीव सिंह लोहिया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष अकील रहमान को कोषाध्यक्ष संतोष सिंह को संयुक्त मंत्री नूपुर श्रीवास्तव को महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। तथा संरक्षक के रूप में रवि मिश्र, सुरेंद्र प्रजापति कार्यसमिति के उपाध्यक्ष पद के लिए राधेश्याम मौर्य आत्म प्रकाश पांडे शिवम सिंह शैलेश सिंह सुषमा सिंह संगठन मन्त्री पंकज सिंह मुकेश दुबे राकेश सिंह संतोष यादव

किरन बाला प्रचार मंत्री वीरेंद्र सिंह इंदु यादव अमित कुमार दिनेश यादव जया दुबे ऑडिटर वैभव सिंह व अकाउंटेंट राजन सिंह को चुना गया। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने बीआरसी पर उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मेरे तीन वर्ष के कार्यकाल के पूर्ण होने के पश्चात एक बार पुनः मुझपर विश्वास करते हुए अगले तीन वर्ष के लिए आप लोगों ने जिस विश्वास के साथ मौका दिया है वह विश्वास सदैव बना रहे है मैं इसके लिए सदैव शत प्रतिशत प्रयत्नशील रहूंगा और साथ ही पूर्व की भांति शिक्षक हितों की रक्षा व शिक्षक समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्षरत रहूंगा। जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन के प्रति समर्पित रहने के लिये कहा। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय संयुक्त मंत्री मंजु पांडे संदीप सिंह चंदन सिंह रमेश यादव गगन श्रीवास्तव अभय सिंह कृष्ण गोपाल मिश्र राजेन्द्र यादव शैलेश चतुर्वेदी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

विधानसभा चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों को किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा सामान्य निर्वाचन सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह बंधन वाटिका में आयोजित हुआ, जिसमें जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों जैसे रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग आफिसर, प्रभारी अधिकारी व सहायक प्रभारी अधिकारी, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, मास्टर ट्रेनर आदि अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल समपन्न कराने पर, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश व अपर जिलाधिकारी भू. रा. रजनीश राय ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया, इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने निर्वाचन संबंधी अनुभव साझा करने के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों की सराहना किया। उन्होंने इसे टीम वर्क बताते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के सहयोग से ही विधानसभा चुनाव सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। तथा निर्वाचन प्रकिया के दौरान इस बार शिकायतें भी बहुत कम मिली, तथा सभी ने अपना अपना पूर्ण योगदान दिया जो कि बधाई के पात्र है, कई अधिकारी पहली बार चुनाव करा रहे थे उनका भी कार्य बहुत सराहनीय रहा, उन्होंने कहा कि चुनाव संपन्न होने के बाद आपस में अनुभव साझा करने से आगामी

चुनावों में इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने सभी मीडिया बन्धुओं की सराहना करते हुए कहा कि सभी पत्रकार बन्धु का सराहनीय सहयोग रहा, मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला ने आये हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया, संचालन स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया, इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह, डीएफओ प्रवीण खरे, उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल, शाहगंज नीतीश कुमार सिंह, मड़ियाहूं अर्चना ओझा, मछलीशहर ज्योति सिंह, बदलापुर, केराकत, सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम दरस यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, डीएसओ संतोष विक्रम शाही, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, सभी तहसीलदार, सहित अधिकांश अधिकारी उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रट सभागार में अधिकारियों के साथ की गयी बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभागाध्यक्ष कार्ययोजना बनाये की अगले 03 एवं 6 महीने में क्या करना है तथा अपने अनुभवों का प्रयोग करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को शत–प्रतिशत लागू कराये। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि अपने–अपने कार्यालयों में समय से बैठकर लोगो की समस्याओं को सुने और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये। कल से विभागों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। ब्लॉकों, कार्यालय नगर पंचायत एवं सीएचसी, पीएचसी में भी औचक निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि ग्राम सचिवालय की कार्य प्रणाली को शीघ्र पूर्ण किया जाये, ग्राम प्रधान के साथ समन्वय स्थापित करते हुए ग्रामीण चौपाल का आयोजन किया जाये। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि महिला शक्ति को सशक्त करने के लिए मिशन शक्ति के अन्तर्गत चलायी जा रही योजनाओं को शासन की मंशा के अनुरुप गति दे। कोई भी पात्र महिला योजना से वंचित न हो। बैठक में सभी कार्यालयो में ई–ऑफिस लागू व्यवस्था लागू करने में सम्बन्ध में चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यालयों में पत्रावलियों को ऑनलाइन ट्रेकिंग करने लिए व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सूचना अधिकार के तहत मांगे गए सूचनाओ की संवेदनशीलता को ध्यान में रख कर जवाब ससमय दिया जाए। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले 03 दिन में कार्यालय में साफ–सफाई का वृहद कार्यक्रम चलाए जाये। कार्यालय में धूम्रपान एवं गुटखा का प्रयोग करने

वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही और जुर्माना लगाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण किया जाए कोई भी पत्रावली लंबित न रहे। ग्राम सचिवालय के कार्य को और सुदृढ़ किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिये गए। उन्होंने कहा कि न्यायालय के प्रकरण पेंडिंग न रहें ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। भारत सरकार के पत्रों का जवाब 01 सप्ताह के भीतर प्रत्येक दशा में दे दिया जाए। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि दिए गए निर्देशों का सख्ती से पालन करें अन्यथा कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

वांछित को पकड़ने गयी एसटीएफ टीम को बदमाश समझ ग्रामीणो ने घेरा : थाना पुलिस के पहुंचने के बाद वांछित गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : इमामपुर गांव में मंगलवार की दोपहर वांछित चल रहे पशुतस्कर को पकड़ने गई एसटीएफ की टीम को उस समय बैकफुट पर आ जाना पड़ा जब उसे बचाने के लिये दर्जनो ग्रामीण लाठी डंडा लेकर टीम का घेराव कर दिए। भीड़ में घिरे एसटीएफ जवान खुद को बचाने के लिए भागकर बगल के एक मकान में घुस गये। वहीं से खुटहन व खेतासराय थाने को सूचित किए। मौके पर भारी पुलिस बल पहुंचते देख ग्रामीण समझ गए कि दबिश देने वाले लोग पुलिस विभाग से ही है। फिर वे सभी अपने घरों में दुबक गये। वांछित सहित दो ब्यक्तियों को एसटीएफ टीम ने हिरासत में लेकर अपने साथ ले गयी। फिलहाल पुलिस के द्वारा एसटीएफ व तस्कर के बीच टकराव की स्थिति से इनकार किया जा रहा है। गाँव निवासी लल्लू यादव पशु तस्करी के मामले में वांछित चल रहा था। जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। मंगलवार को एसटीएफ की टीम सादे लिबास में उसके घर पहुंच गयी। उसे देखते ही टीम ने दबोच लिया। इसकी खबर गांव में यह पहुंची कि कुछ बदमाश लल्लू का उसके घर से अपहरण कर ले जा रहे है। देखते ही देखते दर्जनो ग्रामीण लाठी डंडा लेकर टीम को घेर लिए। उन्हें जानबचाकर घर के भीतर भाग जाना पड़ा। तभी वहां पहुंची दो थाने की पुलिस फोर्स देख ग्रामीण भाग लिए। एसटीएफ टीम वांछित के अलावा गांव के एक और ब्यक्ति को अपने साथ ले गयी। थानाध्यक्ष अश्विनी दूबे ने बताया कि नासमझी में ग्रामीण थोड़ा उग्र हो रहे थे। पुलिस बल पहुंचने के बाद स्थिति सामान्य हो गई थी।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

प्राथमिक उपचार महत्वपूर्ण होता है : डॉ. रितेश कुमार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के आवासीय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठवे दिन बौद्धिक सत्र के अंतर्गत मुख्य अतिथि आर्थोपेडिक सर्जन, आशा हाईवे हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर डॉ रितेश कुमार रहे। उन्होंने प्राथमिक उपचार

के बारे में जानकारी दी प्राथमिक उपचार की जानकारियां दी गई। इस दौरान दुर्घटना ग्रस्त या अचानक आये हार्ट अटेक होने पर प्राथमिक उपचार की विधियां बताई गई। उन्होंने दुर्घटना होने के बाद या आग लगने के बाद दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में प्राथमिक स्वास्थ्य किट रखना बहुत जरूरी है। इस किट में रुई, पट्टी, टेप, सेफ्टी पिन, बैंडेड, वेटाडिन, दर्द निवारक गोलियां रखना आवश्यक है। दुर्घटना ग्रस्त हुए व्यक्ति की स्थिति को जांचने के लिए प्रायोगिक विधि से प्रतिभागियों को समझाया। बताया कि किसी भी प्रकार से चोट लगने पर तत्काल जरूरी उपचार अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि कैसे चोट लगने पर हमे तुरंत किसी कपड़े का इस्तेमाल कर उसे अच्छे से बांधना चाहिए जिससे रक्तस्राव बंद हो सके क्योंकि रक्तस्राव लगातार होने के कारण ये मृत्युकारक भी हो सकता है। उन्होंने हड्डीजनित बीमारी से बचने के लिए अपने प्रतिदिन दिनचर्या मे बदलाव लाने के भी सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ के सुनीता एवं आभार ज्ञापन प्रवीण कुमार सिंह, ने किया।

मौखिक परीक्षा के लिए 8 अप्रैल तक देने होंगे नाम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के मुख्य परीक्षा 2022 की प्रायोगिक एवं मौखिकी परीक्षा संबंधित आवंटन का कार्य किया जा रहा है। जिन महाविद्यालयों में किसी विषय में छात्र संख्या 20 से कम हो वह महाविद्यालय राजकीय, वित्त पोषित अथवा नजदीकी महाविद्यालयों में परीक्षा कराने की संस्तुति की गई है। ऐसे महाविद्यालय जहां किसी विषय में छात्र संख्या 20 से कम हो वह अपने नजदीकी 3 महाविद्यालयों का नाम 8 अप्रैल 2022 तक विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपलब्ध करा दें। संबंधित महाविद्यालयों में उस विषय की मान्यता होना जरूरी है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक वी एन सिंह ने दी है।

ताइक्वांडो प्रशिक्षक ने छात्र छात्राओं को आत्मरक्षा के बताए तरीके

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मंगलवार को क्षेत्र के मनेछा स्थित मॉडर्न कान्वेंट स्कूल परिसर में छात्र छात्राओं के मध्य आत्म विश्वास बढ़ाने के लिए प्रशिक्षक द्वारा आत्म रक्षा के तरीके बताए गए । विद्यालय में परिसर में ताइक्वांडो प्रशिक्षक प्रमोद कुमार पाण्डेय का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक इंजीनियर मोहम्मद आबिद ने किया । प्रशिक्षक प्रमोद कुमार पाण्डेय ने सर्वप्रथम छात्र छात्राओं को आत्म रक्षा के महत्व के बारे में बताया ।श्री पाण्डेय ने कहा आज के यह कला शिक्षा का एक आवश्यक अंग हो गया है ।इसके पश्चात श्री पाण्डेय ने छात्र छात्राओं को अराजक तत्वों आदि के बीच फंस जाने पर किस तरह उनसे बच कर निकल सकते है और उन्हें चोट पहुचा सकते है इस कला से अवगत कराया ।इसके लिए उन्होंने छात्र छात्राओं से इसका नियमित प्रशिक्षण लेने पर बल दिया ।इस अवसर पर मुख्य रूपसे प्रिंसिपल इंतेखाब अहमद, कोआर्डिनेटर मोहम्मद राशिद, आदि उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अन्न भक्षण से नहीं, चर्वण से शक्ति देता है और प्रवचन श्रवण से नहीं, आचरण से मुक्ति देता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

तालिबान से लड़ती अफगान महिलाएं : अस्थिर और अनिश्चित स्थिति

तालिबान सरकार ने कामकाजी महिलाओं को भी आदेश दिया है कि वे अपने शरीर को पूरी तरह ढककर ही दफ्तर आएं, वरना उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाएगा। असल में, तालिबान महिलाओं के नौकरी के हक में नहीं है। आईएलओ की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, सन 2021 की तीसरी छमाही में महिलाओं के रोजगार में सोलह प्रतिशत की कमी आई है और 2022 के मध्य तक इसके 28 प्रतिशत पहुंचने की आशंका है।

अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के करीब आठ महीने बाद भी वहां की स्थिति अस्थिर और अनिश्चित बनी हुई है। अभी तक शासन के ऐसे ढांचे का गठन नहीं हो पाया है, जो विविधता दर्शा सके और उसमें महिलाओं की भागीदारी हो। दूसरी बार सत्ता पर काबिज होते हुए तालिबान ने यह संकल्प जताया था कि वे महिलाओं व लड़कियों के अधिकारों में कटौती नहीं करेंगे और उन्हें बराबरी का अधिकार देंगे। विगत 23 मार्च को तालिबान ने लड़कियों और महिलाओं की शिक्षा पर लगी पाबंदी उठा भी ली।

उन्होंने छठी कक्षा से ऊपर की लड़कियों के स्कूल खोलने का भी हुक्म दे दिया, लेकिन इस घोषणा के चंद घंटे बाद ही फिर उसे वापस ले लिया। उसके बाद तालिबान ने स्पष्ट किया कि यह आदेश तब तक लागू रहेगा, जब तक इस्लामी शरिया कानून व अफगान संस्कृति के अनुसार योजना तैयार नहीं हो जाती। जाहिर है, छात्राओं की खुशी कुछ ही पल में निराशा में बदल गई। संयुक्त राष्ट्र व अमेरिका ने अपने वायदे से मुकरने पर तालिबान को कड़ी आलोचना की है।

इससे तालिबान ने पिछले आठ महीने में जो अपनी छवि सुधारने की कोशिश की थी, उस पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। अफगानिस्तान में अधिकांश सरकारी विश्वविद्यालय बंद हैं, जिन्हें खोलने के लिए महिलाएं व लड़कियां प्रदर्शन कर रही हैं। कुछ प्रांतों में निजी विश्वविद्यालय खुले हुए हैं, लेकिन उन पर भी तालिबान ने ड्रेस संबंधी कुछ शर्तें लाद दी हैं। अब अफगानी लड़कियों को बुरका और लड़कों को अफगानी पोशाक पहनकर जाना होगा और उन्हें अलग–अलग बैठकर पढ़ाई करनी होगी।

इससे देश की छात्राएं ही नहीं, बल्कि छात्र भी परेशान हैं और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, ऐसी प्रदर्शनकारी महिलाओं को चुपचाप रात को उनके घर से उठा लिया जाता है। हाल ही में जब उन्होंने शिक्षा का अधिकार पाने के लिए तालिबान के खिलाफ प्रदर्शन किया, तो उन्हें खदेड़ने के लिए मिर्च पाउडर और बिजली के झटके का इस्तेमाल किया गया। इसके बाद तालिबान ने प्रदर्शन की मुखिया तमना जरायानी के घर घुसकर उसकी दो बहनों को उठा लिया, जिनका अभी तक कोई पता नहीं है।

तालिबान सरकार ने कामकाजी महिलाओं को भी आदेश दिया है कि वे अपने शरीर को पूरी तरह ढककर ही दफ्तर आएं, वरना उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाएगा। असल में, तालिबान महिलाओं के नौकरी के हक में नहीं है। आईएलओ की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, सन 2021 की तीसरी छमाही में महिलाओं के रोजगार में सोलह प्रतिशत की कमी आई है और 2022 के मध्य तक इसके 28 प्रतिशत पहुंचने की आशंका है। तालिबान के पहले दौर के शासन को छोड़कर अफगानिस्तान में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और शिक्षा पर पाबंदी जैसी कोई बात नहीं थी। महिलाएं विश्वविद्यालयों में अपनी पसंद की ड्रेस पहनकर जाती थीं। उन्हें साइकिल चलाने और पुरुषों के साथ चलने की आजादी थी। सरकारों ने महिलाओं की खरीद–फरोख्त पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी थी। महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के अधिकार की सांविधानिक सुरक्षा दी गई थी। सोवियत संघ और कुछ अन्य देशों में महिलाओं को स्कॉलरशिप देने के लिए सिफारिश की जाती थी। डॉ. नजीबुल्ला की सरकार के खात्मे तक ऐसा ही चलता रहा, लेकिन तालिबान के पहले दौर में लड़कियों और महिलाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के दरवाजे बंद कर दिए गए और उन पर तरह–तरह के अत्याचार ढाए गए।

फिर करजई और अशरफ गनी की सरकार ने भी महिलाओं के हक में कई कदम उठाए, लेकिन अब फिर महिलाओं की शिक्षा पर पाबंदी लगी है। यही नहीं, तालिबान ने देश से बाहर जाने वाली उड़ानों में महिलाओं के अकेले सफर पर रोक लगा दी है। उन्हें रोजगार से भी वंचित किया जा रहा है। देश में बेरोजगारी फैली हुई है और लोगों को दो वक्त की रोटी भी नसीब नहीं हो रही। अगर लड़कियों और महिलाओं को शिक्षा के अधिकार से वंचित रखा गया और उनकी राह में बाधाएं खड़ी की गईं, तो अफगानिस्तान के हालात बद से बदतर हो जाएंगे। कोई भी देश तालिबान शासन को मान्यता नहीं देगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

जौनपुर की मासूम बेटी ने अपने जन्मदिन पर फिर किया अनूठी पहल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार की सबसे छोटी सदस्य अतुलिका सिंह ने एक बार फिर से मानवता की मिशाल पेश किया और अपने जन्मदिन पर विशेष रूप से हर बार की तरह अलग ढंग से मनाया! अतुलिका ने इस बार अपना जन्मदिन राजेश स्नेह ट्रस्ट ऑफ एजुकेशन संस्था के विकलांग बच्चों के बीच में और सदर अस्पताल के वार्डों में जिन महिलाओ ने बेटी को जन्म दिया था उनको मिठाई खिलाकर और गिफ्ट देकर मनाया और विकलांग बच्चों से ही केक कटवाया! अतुलिका सिंह विगत कई वर्षो से अपना जन्मदिन घर पर ना मानते हुए असहाय निर्धन या विशेष बच्चों के बीच मे मनाती है, और उनके बीच समय समय पर कपड़े और जरूरत की सामग्री को वितरित करती है!अपने जन्मदिन पर बच्चो को फल मीठा और सामाग्री देकर मनाया! उर्वशी सिंह ने कहा कि अपने लिए तो हर कोई जीता है कभी दूसरों के और ऐसे असहाय लोगों के साथ कोई खुशिया मनाइए तो खुशी दुगनी हो जाती है! जिसमें उनका पूरा परिवार भी साथ रहता है! जन्मदिन में विशेष रूप से ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नागेंद्र नाथ सिंह जी, महा सचिव राधिका सिंह के साथ राजेश ट्रस्ट के फाउंडर राजेश जी, राजेश गुप्ता लॉर्ड रौनक रिशु गुप्ता राजेश अस्थाना मनीष अस्थाना रिशु गुप्ता राजस्थान जी, विश्वजीत सिंह जी, और अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे!

शाहगंज के लाल ने नेशनल योगासन में लहराया परचम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में टॉप टेन में स्थान बनाकर निखिल ठाकुर प्रसाद ने कस्बे का नाम रोशन किया। चैंपियनशिप का आयोजन इंडियन योग फेडरेशन के तहत फरीदाबाद में 25 से 27 मार्च तक हुआ। निखिल की उपलब्धियों से परिजनों समेत शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। कस्बे के आजमगढ़ रोड निवासी संतोष कुमार तिवारी के बेटे निखिल को योग और व्यायाम में खासी दिलचस्पी थी। वो इलाहाबाद में पढ़ाई के दौरान भी लगातार योगासन करते रहे और कई कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इंडियन योग फेडरेशन के तहत हरियाणा योग एसोसिएशन की तरफ से फरीदाबाद में 25 से 27 मार्च तक 40वें नेशनल योगासन चैंपियनशिप में निखिल ने सीनियर वर्ग (20 से 30 आयु वर्ष) में हिस्सा लिया। जिसमें सातवां स्थान हासिल किया। उन्हें मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। निखिल की सफलता से परिजन बेहद खुश हैं और उनके बेहतर भविष्य के लिए आशान्वित हैं। निखिल इलाहाबाद के चौधरी महादेव प्रसाद सीएमपी डिग्री कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष के छात्र हैं। जो एक निजी योग प्रशिक्षण संस्थान में योग ट्रेनर भी हैं।

चयनित होम्योपैथिक फार्मेसिस्टों ने नियुक्ति पत्र के लिए दिया जोरदार धरना

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। होम्योपैथिक फार्मासिस्ट विज्ञापन संख्या 2019 के संपूर्ण अभ्यर्थियों ने पिकप भवन आयोग परिसर में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन सेवा आयोग के विरोध में जोरदार धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया पिछले 3 वर्षों से होम्योपैथिक फार्मासिस्ट के 420 अभ्यर्थी नियुक्ति के इंतजार में सरकार की राह देख रहे हैं किंतु अभी तक ना ही चयन आयोग ने और ना ही सरकार ने इन फार्मासिस्टो की हालत की कोई सुधि ली है यह फार्मासिस्ट पहले भी कई बार आयोग परिसर में एवं इको गार्डन में भी धरना प्रदर्शन कर चुके हैं किंतु वहां से भी इनको बैरंग लौटना पड़ा आज नई सरकार का गठन हो जाने के बाद भी फार्मासिस्ट की सुनने वाला कोई नहीं है। धरना स्थल पर सुशील सिंह विवेक मिश्रा विवेक पाल सौरभ गुप्ता मनेंद्र शुक्ला अभिषेक कुमार शिवा पाल विवेचना रावत अमरनाथ जी व अन्य

होम्योपैथिक फार्मासिस्ट उपस्थित रहे। फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने भी नियुक्ति प्रक्रिया में कई जा रही देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और सरकार से मांग की है कि बेरोजगारों के हिट के लिए नियुक्ति पत्र तत्काल निर्गत किये जायें।

कृष्णानगर पुलिस ने बाल अपराधी को चोरी के मोबाइल के साथ किया गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कमिश्नरेट लखनऊ में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु डी०के० ठाकुर, पुलिस आयुक्त लखनऊ के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सुश्री अपर्णा रजत कौशिक, पुलिस उपायुक्त मध्यलखनऊ, राघवेन्द्र मिश्र, अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ के कुशल पर्यवेक्षण एवं पंकज कुमार श्रीवास्तव, सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर लखनऊ के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में गठित थाना कृष्णानगर पुलिस टीम द्वारा एक नफर बाल अपचारी उम्र 17 वर्ष मोबाइल चोर मय चोरी के 9 अदद विभिन्न कम्पनी के मोबाइल सहित शकुन्तला प्लाजा के पीछे पार्किंग के पास से गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। बाल अपचारी उपरोक्त को बाल सुधार गृह में भेज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस्पेक्टर आलोक राय ने बताया कि बाल अपचारी ने पूछताछ करने पर बताया कि वह लखनऊ के चारबाग आलमबाग बस अड्डे व नहर चौराहा से वस मे बैठने वाले यात्रियो से फूटपाथ पर सोने वाले व्यक्तियो से व राह चलने वाले व्यक्तियों से चोरी करके छिपा देता था तथा बाद मे चलते फिरते राहगीरों को बेच देता है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 सन्तोष कुमार गौड, हे0का0 सुभाषचन्द्र, कांस्टेबल सन्तोष कुमार, अजय कुमार, थाना कृष्णानगर कमिश्नरेट लखनऊ शामिल रहे।

परीक्षा पे चर्चा, एक अप्रैल को छात्रों से संवाद करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के पांचवें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है।जवाहर नवोदय विद्यालय पिपरसंड में एक अप्रैल को पूर्वाहन 11:00 बजे सभी छात्र परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल होंगे साथ ही शिक्षक गण और अभिभावक भी मौजूद रहेंगे। जवाहर नवोदय विद्यालय पिपरसंड लखनऊ के प्रधानाचार्य वी के बाजपेई ने सोमवार को कहा कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्ति के तरीके बताएंगे। छात्रों के साथ प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम का सभी छात्र छात्राएं एवं शिक्षक गण इंतजार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तनाव को कम करने और परीक्षा में सफल होने के तरीके जानने के लिए छात्र छात्राएं उत्सुकता से

इंतजार कर रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।यह कार्यक्रम जनपद के समस्त विद्यालयों में प्रसारित किया जाएगा।

पूरे देश में शराबबंदी संघर्ष समिति कार्यकर्ताओं और संगठन को संगठित किया जाएगा : मुर्तुजा अली

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आर्य समाज हजरतगंज के केंद्रीय कार्यालय लखनऊ में प्रदेश स्तरीय शराबबंदी कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के कानपुर हाथरस इटावा फर्रुखाबाद बाराबंकी मेरठ आगरा लखनऊ बरेली उन्नाव कन्नौज तमाम जिलों के पदाधिकारी और उत्तराखंड के प्रभारी समेत तमाम जिलों के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने भाग लिया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आर्य समाज के प्रधान देवेंद्र पाल वर्मा जी ने सभी कार्यकर्ताओं को शराब से संबंधित बुराइयों और शराबबंदी क्यों जरूरी है जनता को बताने का अध्यक्ष शराबबंदी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली से आए हुए स्वामी संतोषनंद जी ने सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की बातें करने से काम नहीं चलेगा शराबबंदी को एक जनांदोलन का रूप देना पड़ेगा और सबको मिल जिम्मेदारियों तय करनी पड़ेंगे कार्यक्रम के संयोजक मुर्तुजा अली और सुल्तान सिंह

जी ने अपने संबोधन में देशभर मैं शराबबंदी के लिए काम करने वाले संगठनों को जोड़कर एक राष्ट्रीय स्तर पर एक संगठन बनाया जाए और शराबबंदी को एक जन आंदोलन का रूप दिया जाए।

खबर का असर : अवैध निर्माण कार्य पर लगी रोक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री प्रकाश श्रीवास्तव ,अखिल भारत हिंदू महासभा के लखनऊ महानगर का अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया है कि पूर्व में उनके द्वारा बताए गए सूचना के आधार पर आपके सम्मानित समाचार पत्र में सेक्टर 13 इंदिरा नगर लखनऊ के 252 नंबर मकान का अवैध निर्माण रोके जाने हेतु समाचार प्रकाशित हुआ था। पूर्व में अपर आयुक्त आवास विकास से संपर्क करने के समय ही उनके द्वारा अपने मातहतों को उक्त मकान के अवैध निर्माण भाग को अति शीघ्र बुलडोजर से गिराने के आदेश दिए थे। परंतु पुनः यह अवगत कराना है कि मकान का निर्माण कार्य तो विभाग द्वारा वर्तमान में रोकवा दिया गया है परंतु मकान मालिक द्वारा ठेकेदार के मार्फत कराए गए अवैध निर्माण को अभी तक ध्वस्त करने की कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में आज पुनः अपर आयुक्त आवास विकास से मिलकर वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत कराया जाएगा। उक्त

मकान 13/252 के आज का फोटो संलग्न है।

संदीप नेचुरोपैथी हॉस्पिटल की ओर से डॉ कल्पना सिंह ने बढ़ाया मदद का हाथ : जरूरतमंद परिवारों को बांटा किराना

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। संदीप नेचुरोपैथी हॉस्पिटल की ओर से डॉ कल्पना सिंह ने जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। संस्था की ओर से 11 परिवारों को किराना बांटा गया। इसके लिए महीने भर तक उपयोग में आने वाले जरूरी सामान की किट तैयार की गई थी। जिसमें किराना भरा था। ऐसी 11 किट तैयार की गई। इसके बाद इस सामग्री को जरूरतमंद लोगों में बांटा गया।

आय बढ़ाने के लिए ग्राम स्तर पर संगठित होकर फार्मर की तरह खेती करें:– जिलाधिकारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सम्भगीय कृषि परीक्षण एवं प्रर्दशन केन्द्र परिसर बिलग्राम चुंगी पर कृषि सूचना तंत्र के सुदढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय किसान मेला, जनपद स्तरीय जायद गोष्ठी व कृषक उत्पादक संगठन कार्यशाला का उद्घाटन मख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित कृषकों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अपनी आय बढ़ाने के लिए ग्राम स्तर पर संगठित होकर फार्मर की तरह गेहूं, धान के अलावा फल, फूल, सब्जी की भी खेती करने के साथ पशु पालन अवश्य करें और कंपनियों से सम्पर्क कर सीधे अपनी फसल को बेचें और देश एवं प्रदेश की मंशानुसार कृषक की आय दोगुनी हो और किसान समृद्व बनें। उन्होने किसाना भाई वैज्ञानिक विधि से जैविक खेती करें तथा गोबर, कूड़ा–कचरा एवं फसल के अवशेष खाद के रूप में खेतों में प्रयोग करें। उन्होने कहा कि कृषकों की उन्नति को ध्यान में रखते हुए एक एफ0पी0ओ0 का गठन किया जायेगा और किसानों को प्रोसेसिंग उद्योग से जोड़ा जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना से किसानों को सम्बोधित करते हुए की कम लागत में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों को चुने और अपनी फसल को सरकारी क्रय केन्द्रों पर विक्रय कर सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य प्राप्त करें। उन्होने कहा कि गोष्ठी में विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उन्नति खेती के सम्बन्ध में दी गयी जानकारी के अनुसार खेती करें। इससे पहले जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों

का अवलोकन किया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डा0 नन्द किशोर ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए किसानों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधान मंत्री कृषक सम्मान योजना की 11 किस्त प्राप्त करने के लिए सभी कृषक ब्लाक स्तर के बीज भण्डार पर जाकर कम्प्युटर के मध्यम से ई0के0वाई0सी0 पोर्टल पर तत्काल करायें ताकि किस्त उनके खातों में भेजी जा सकें। उन्होने कहा कि जिन किसानों द्वारा ई0के0वाई0सी0 नहीं कराया जायेगा उनकी किस्त नहीं पहुंच पायेगी। गोष्ठी में जादूगर देव जादूगर के अच्छे जादू दिखाने पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के साथ सभी ने ताली बजाकर प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जे0एन0 पाण्डेय आदि अधिकारी, पत्रकार बन्धु तथा भारी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

कृषि विश्वविद्यालय किसानों का तीर्थ स्थल – कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)कृषि विश्वविद्यालय किसानों का तीर्थ स्थल है, जो छात्रों तथा किसानों के लिए ही जाना जाता है। पहले छात्रों के बारे में सोचें। क्योंकि वही देश के भविष्य हैं। इसके बाद किसानों का नंबर आता है। ईमानदारी केवल लगनी ही नहीं चाहिए बल्कि दिखाई भी पढ़नी चाहिए। बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए मैं पूरी तरह से दृढ़ संकल्प हूं। सभी साथी बच्चों को शिक्षित एवं दीक्षित करने में पूरा सहयोग दें। साथ ही साथ खेलकूद को भी प्राथमिकता दें। तभी उनका सर्वांगीण विकास होगा । अच्छी जगह बैठने पर अच्छी सोच होती है, सकारात्मक सोच पर ही आगे बढ़ा जा सकता है।'' यह बातें आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय कर्मियों की ओर से आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति दो वर्ष का कार्यकाल हुआ पूर्ण, गौरवमय एवं उपलब्धि भरे कार्यकाल के रूप में पर किये गये सम्मानित, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ ए पी राव की अध्यक्षता में गठित आयोजन समिति द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति ने आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ किया कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद कुलपति की धर्मपत्नी मीना सिंह ने आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। आयोजन समिति की ओर से कुलपति एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सिंह को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति श्री सिंह ने कहा कि मेरा दृढ़ संकल्प है कि आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय समूचे देश में अग्रणी विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित कर सकूं। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह का बीता वर्ष उपलब्धियों भरा रहा,जहाँ दैनिक श्रमिकों का विनियमितीकरण, विश्वविद्यालय का सुन्दरीकरण,अप्रयोजय भूमि विकसित कर खेती योग्य बनाना,नवीन प्रजातियों का विकास,छात्रों को रोजगार,नवीन खेल मैदान का निर्माण एवं आधुनिकतम् खेल सुविधाएं, नये कृषि विज्ञान केन्द्र, सरकार से कृषि विज्ञान हेतु भूमि, के वी के 26 किलोमीटर बाउंड्री वाल का निर्माण , शिक्षा के साथ–साथ शोध एवं प्रसार के कार्यों को लेकर पदों को भी भरे जाने आदि का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि कुलपति डॉ सिंह ने मौजूद शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को ऐसी शिक्षा दें कि समूचे हिंदुस्तान में सबसे ज्यादा फेलोशिप राष्ट्रीय स्तर इसी विश्वविद्यालय के बच्चों को प्राप्त हो। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में जल्दी ही टेक्नोलॉजी फार्म स्थापित होगा, तथा इस कृषि विश्वविद्यालय को एग्री टूरिज्म के रूप में स्थापित करूंगा और कहा कि प्रत्येक कृषि फार्म की बाउंड्री वॉल निर्मित कराई जाएगी। कुलपति डॉ सिंह ने कहा कि संस्था के हित में कभी–कभी कड़े कदम भी उठाने पड़ते हैं, बीज उत्पादन में अभी हमारा विश्वविद्यालय बहुत पीछे था जिसमें बढोत्तरी हुई है,लेकिन अभी और बढाने के लिए हमें पूरी मेहनत और लगन से काम करना होगा इसके साथ ही साथ मेरा प्रयास है कि इस विश्वविद्यालय में गरीब बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ जमीन, तालाब सहित अन्य संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जाए। क्योंकि पढ़ाई के साथ–साथ कमाई भी बहुत जरूरी है। उन्होंने अपने सफलतम 2 वर्ष के कार्यकाल पर कार्यक्रम में मौजूद सभी विश्वविद्यालय कर्मियों, अधिकारियों, अधिष्ठाताओं का अपार सहयोग मानते हुए उन्हें धन्यवाद तथा बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ ए पी राव ने कहा कि वर्तमान कुलपति जी के मेहनत और प्रयास का परिणाम है कि विश्वविद्यालय रैंकिंग में 16 पायदान ऊपर पहुंच गया है, उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण में कुलपति का विशेष योगदान रहा है, शिक्षा, शोध व प्रसार के मामले में विश्वविद्यालय को वित्तीय संसाधन कुलपति के विशेष प्रयास से प्राप्त हो रहा है। विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, समस्त निदेशक, कुलसचिव, वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक, वैज्ञानिक कर्मचारी एवं छात्रों आदि ने कुलपति के कार्यकाल में हुई विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को एक–एक करके गिनाते हुए विगत 2 वर्षों के कार्यकाल की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

विवाद में तोड़–फोड़ : निषाद समुदाय के कई लोगों पर हुआ हमला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले की गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र स्थित गांव खपराडीह के लाला पुरवा में होली के दिन मामूली विवाद नें 25 मार्च को विकराल रूप धारण कर लिया जिसमें निषाद वर्ग के कई लोगों को गंभीर चोटे आई विपक्षियों के द्वारा पीड़ित निषाद वर्ग के लोगों की दुकानें भी तोड़ी गई।क्षेत्र में यह भी चर्चा है क्षेत्रीय भाजपा नेता की मौजूदगी में विपक्षियों के द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित पक्ष के दीपक निषाद द्वारा बताया गया मारपीट की घटना के बाद भी विपक्षियों द्वारा दबंग किस्म के होने के कारण पुलिस को तहरीर देने पर जान से मार देने की धमकी भी दी गई जिसके कारण डर वश पीड़ित पक्ष द्वारा घटना वाले दिन तहरीर नहीं दी गई पीड़ित पक्ष से दीपक निषाद का कहना है उसके बावजूद विपक्षियों के द्वारा गाड़ा बैठकर उन को मारने का प्रयास किया जा रहा था डर वश पीड़ित पक्ष अभी भी गांव से बाहर भागे हुए हैं और किसी तरीके से अपनी जान बचा कर आज पुलिस को तहरीर दे रहे हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में प्रार्थी दीपक निषाद द्वारा बताया गया वह गांव के ही अंडे की दुकान पर अंडा खा रहा था पीछे से शैलेंद्र तिवारी पुत्र अमरनाथ तिवारी ने अचानक वार कर दिया अपनी जान बचाने के उद्देश्य से प्रार्थी अपने पड़ोसी भगवान दास पुत्र मनीराम की दुकान में घुस गया जिसके बाद फोन कर अपने परिवार के सदस्यों को विपक्षी शैलेंद्र तिवारी द्वारा बुला लिया गया विपक्षी शैलेंद्र तिवारी के पक्ष में सुरेंद्र तिवारी अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर भी आये और सभी ने मिलकर भगवान दास की दुकान में तोड़फोड़ किया। सामान बिखेर दिया और कुछ पैसे रखे थे उनको भी लूट लिया पीड़ित दीपक निषाद द्वारा बताया गया कि इस हमले में उनकी माता सावित्री देवी व पिता राम आसरे निषाद को भी चोटें आई हैं उन्होंने बताया सुरेंद्र तिवारी द्वारा अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर धमकाया भी गया कि अगर पुलिस को तहरीर देंगे तो उनको जान से हाथ धोना पड़ेगा।इस घटना की खबर सुनते ही गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक अभय सिंह पीड़ित पक्ष से लोगों से मुलाकात कर साहस बनाया और दोषियों को सजा दिलाने का भरोसा दिलाया।

भाषा के संरक्षण के लिए बढ़ाने होंगे कदम – प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सभागार में सोमवार को भारतीय भाषा पाठ्यक्रम संरचना एवं अनुवाद प्रक्रिया पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में किया गया। इसका आयोजन सेंटर आफ एक्सीलेंस– अनुवाद जनसंचार विभाग की ओर से हुआ। कार्यशाला में मराठी ,बांग्ला, तेलुगु, प्राकृत, संस्कृत,तमिल, भोजपुरी, प्रयोजनमूलक हिंदी एवं नेपाली विषय के पाठ्यक्रम की संरचना की गई। उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि भाषा के संरक्षण के लिए कदम बढ़ाने होंगे. भाषा और अनुवाद के पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को सरलता से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएँगे. विश्वविद्यालय भाषा के सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम अगले सत्र से शुरू करेगा. प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी भाषा के पाठ्यक्रम यहीं से क्रियान्वित होंगे. प्रदेश सरकार ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय को नोडल केंद्र बनाते हुए जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि देश– विदेश में द्विभाषिया की बहुत मांग है. हमें त्रिभाषा सूत्र पर काम करना होगा.विविध भाषा के विद्वान आज एक साथ यहाँ मंथन के लिए आये है जिसका दूरगामी परिणाम होगा. उन्होंने कहा कि दक्षिण और उत्तर के बीच भाषा ही सांस्कृतिक एकता का कार्य कर सकती है। बतौर विशिष्ट अतिथि केंद्रीय भाषा संस्थान, मैसूर के शोध अधिकारी डॉ. पंकज द्विवेदी ने कहा कि उनका संस्थान लुप्तप्राय और संकटग्रस्त भाषाओं के संवर्धन के लिए विशेष

कार्य कर रहा है. भारतीय भाषाओं के उन्नयन के भी हम निरंतर सक्रिय है. उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग से केंद्रीय भाषा संस्थान शीघ्र ही एमओयू करेगा। कार्यशाला में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के मराठी विभाग के अध्यक्ष,प्रो प्रमोद पाडवाल, बांग्ला विभाग के अध्यक्ष प्रो पी.के.मैती तेलगू विभाग के अध्यक्ष प्रो बुदाती वेंकटेश्वरलू,नेपाली भाषा विभाग के प्रो दिवाकर प्रधान,हिंदी विभाग के डॉ सत्य प्रकाश पाल,तमिल विभाग के डॉ जगदीशन टी,संस्कृत विभाग एवं भोजपुरी अध्ययन केंद्र के डॉ राजेश सरकार, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय,वाराणसी के प्राकृत एवं जैनागम विभाग के प्रो हरिशंकर पाण्डेय, संस्कृत विद्या विभाग के डॉ रविशंकर पाण्डेय विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुए. कार्यशाला की रूपरेखा आईक्यूएसी सेल के समन्वयक प्रो मानस पाण्डेय प्रस्तुत की. कार्यशाला का संचालन सेंटर आफ एक्सीलेंस– अनुवाद के समन्वयक डॉ. मनोज मिश्र एवं धन्यवाद कुलसचिव महेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. ए. के श्रीवास्तव, प्रो वंदना राय, प्रो. राम नारायण, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, डॉ रजनीश भास्कर, डॉ संतोष कुमार, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर,डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ चंदन सिंह,डॉ सुशील सिंह, डॉ पुनीत धवन, डॉ मंगला प्रसाद, डॉ प्रियंका कुमारी,डॉ अनुराग मिश्र, डॉ रामान्शु समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

डी सेफ महिला स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के दूसरे दिन महाराजगंज ब्लॉक की महिलाओं को किया गया जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रविवार से लगातार तीन दिवसीय महिला स्वास्थ्य जागरूकता अभियान कर रही संस्था डी सेफ की डक स्वाति सिंह जी ने आज जनपद के महाराजगंज ब्लाक की ग्राम मजीठी में महिलाओं, बच्चियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ,आंगनबाड़ी व आशा बहुओं को माहवारी से जुड़ी समस्याओं पर जागरूक किया । और बताया कि महिलाओं को होने वाली माहवारी में अपने को स्वच्छ रखें, गरीब महिलाएं हमेशा साफ सुथरा कॉटन नेम करें, और 2 –2 घण्टे पर बदलते रहें, और हो सके तो योजनाओं के अंतर्गत मिल रहे उपयोगी नैपकिन्स(पैड) का ही इस्तेमाल करें ,खुले में नैपकिन को न फेंके, अन्यथा जो लोग इसके सम्पर्क में आएंगे संक्रमण फैल सकता हैडवदजीसल संक्रमण से बचावके लिए उपाय भी बताई सभी महिलाएं नैपकिन्स नेम करें,अन्यथा गन्दगी से सरवाइकल कैंसर हो सकता है, ग, यूट्रस में इंफेक्शन, ओवरी में समस्या आदि हो सकता है भारत की 60: महिलाएं वैकल्पिक वस्तुएं नेम करती हैं,अतः हमें जागरूक होना है, स्वरोजगार के लिए सभी महिलाओं को सशक्तिकरण के लिए स्वावलंबी बनने हेतु कममेंमि के साथ मिलकर काम करने के उपयोगी टिप्स भी दिया गया। काफी महिलाओं द्वारा स्वरोजगार का

ऑफर पाकर उत्साहित होकर स्वाति जी को गले लगा लिया। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वस्थ भारत अभियान को ध्यान में रखकर सभी को बचाव के लिए उत्प्रेरित किया गया तथा उपस्थित महिलाओं को विश्वास दिलाया गया कि सस्ते दामों में कममेंमि कंपनी द्वारा सैनिटरी पैड उपलब्ध कराया जाएगा। स्वस्थ महिला, स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने के लिए कममेंमि की उक स्वाति सिंह जी ने जागरूकता अभियान छेड़ रखा है । ग्रामीण क्षेत्र मजीठि में महिलाओं के पतदमे को लेकर ये पहला कार्यक्रम था, लोगों ने अपील किया कि मैम आप आते रहियेऔर हम महिलाओं का मार्गदर्शन करते रहिए, अंत मे कममेंमि रहो सेफ के थ्त्म्म् सैम्पल वितरण हजारों महिलाओं को करने के उपरांत नारे के साथ समापन हुआ।

अब बचकर नहीं जा पाएंगे अपराधी : अधिकतम सजा दिलाने को बनेगी विशेष यूनिट

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) एसटीएफ व एटीएस को और अधिक सदृढ़ बनाने के साथ ही अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाने के लिए अलग से विशेष अभियोजन यूनिट गठित करने की योजना है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में शनिवार को लोक भवन स्थित कमांड सेंटर में गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में इस पर गंभीर विचार–विमर्श किया गया।इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश की कानून–व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पर चर्चा की गई। साथ ही लोक कल्याण संकल्प पत्र में गृह विभाग से संबंधित सभी बिंदुओं पर जल्द कार्रवाई किए जाने की रणनीति बनाई गई। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को आगामी 100 दिन, छह माह, एक वर्ष व पांच वर्ष में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए हैं।पुलिस की सभी इकाइयों के प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे इस संबंध में अपना प्रस्तुतीकरण शासन को दें। साथ ही बजटीय आवश्यकता के संबंध में भी जानकारी उपलब्ध कराएं। बैठक में कहा गया कि भ्रष्टाचार को लेकर सरकार की जीरो टालरेंस नीति पर बल देते हुए एंटी करप्शन, ईओडब्ल्यू, विजिलेंस, एसआईटी एवं सीबीसीआईडी को और अधिक सशक्त व चुस्त दुरूस्त बनाया जाएगा, ताकि ईमानदार छवि के अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती को प्रोत्साहन मिल सके।भ्रष्टाचार के जिन मामलों में विभागीय कार्यवाही लंबित है उसे भी अभियान चलाकर शीघ्र निस्तारित किया जाएगा। पुलिस की विभिन्न इकाइयों के कार्यों में पारदर्शिता व तेजी लाने के लिए तकनीक के अधिकतम उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। महिला बीट प्रणाली व एंटी रोमियो स्क्वायड को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा। जनोपयोगी सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा तथा सिटीजन चार्टर की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

दो अलग–अलग गांव में आग लगनें से 5 परिवारों की घर गृहस्थी हुई खाक

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के मिल्कीपुर में तहसील क्षेत्र के दो अलग–अलग गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी भीषण आग से 5 लोगों की पशुशाला व घर जलकर राख हो गई हैं । हालांकि अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खंडासा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव मुनेश्वर के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग की लपटें उठने लगीं। आस–पास मौजूद ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते तब तक घर व पशुशाला के छप्पर में लगी आग ने उग्र रूप ले लिया और बगल में ही स्थित अन्य दो लोगों जियावन तथा रामकुमार के भी छप्पर धू धू कर जलने लगे। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी अग्निशमन केंद्र मिल्कीपुर को दी। उधर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझा दिया। अग्निकांड की जानकारी मिलते ही खंडासा थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने पुलिस कर्मियों की टीम मौके पर भेजा। वहीं दूसरी ओर कुमारगंज थाना क्षेत्र के धमथुआ(पूरे माटीभच्छ का पुरवा) में करीब 11 बजे अचानक राम बदल की पशुशाला के छप्पर में अचानक आग लग गई । जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचकर बेकाबू आग को बुझाते तब तक आग ने पड़ोसी महिला रामपति के भी पशुशाला को अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने अग्निकांड की जानकारी फायर ब्रिगेड टीम को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन कर्मी आग को बुझाने के लिए गांव पहुंच गए किंतु मौके तक कोई रास्ता ना होने के चलते फायर ब्रिगेड टीम की गाड़ी नहीं पहुंच सकी और ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाना पड़ा। हालांकि पशुशाला में रखें पीड़ित ग्रामीणों का भूसे में रखा खाद्यान्न गेहूं भी जलकर नष्ट हो गया है । इसके अलावा पशुशाला के छप्पर में रखें अन्य गृहस्थी के सामान भी जलकर राख हो गए हैं। फिलहाल ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के चलते आग बेकाबू नहीं हो सकी और ग्रामीणों के आशियाने अग्निकांड में जलने से बाल–बाल बच गए।

जिलाधिकारी द्वारा किया गया विकासखंड खुटहन के छतौरा गांव में बने खेल मैदान का निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा विकासखंड खुटहन के छतौरा गांव में बने खेल मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि कार्य मे तेजी लाये। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि रनिंग ट्रैक बनाये। वॉलीवाल एवं बैटमिंटन कोर्ट तैयार मिला। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि एक क्रिकेट मैच का टूनामेंट आयोजित किया जाए। शेरपुर सुतौली गांव में ग्रामीण स्टेडियम का निरीक्षण किया और कहा कि जो जमीन अभी भी अतिक्रमित है, उसे खाली कराया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी काम हो रहे है गुणवत्तापूर्ण रहे। फुटबाल, क्रिकेट, बैटमिंटन, वॉलीवाल के मैदान तैयार किये जा रहे थे। शेरपुर में बन एसएलडब्लूएम कार्य के 03 तालाब का निरीक्षण किया। कार्य देखकर खुशी व्यक्त की और मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला को निर्देश दिया कि सभी गांव में तीन तालाब बनाये जाए। जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्राम प्रधान शेरपुर शशिकाल को प्रशस्ति पत्र देने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिया। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर. डी. यादव, खण्ड विकास अधिकारी वीरभानु, उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, सहित अन्य उपस्थित रहे।

जनपद न्यायधीश एवं जिलाधिकारी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जनपद न्यायधीश एम पी सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला एवं पुरुष कैदियों के बैरकों की गहन तलाशी ली गयी। बंदियों से वार्ता कर भोजन व स्वास्थ्य आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा पाकशाला की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने व बंदियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिये गए। समय–समय पर कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण कराने के साथ ही साफ – सफाई का विशेष ख्याल रखा जाए। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जेल में कैदियों के स्किल डेवलपमेंट के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसके तहत महिलाओं को सिलाई, बुनाई के कार्य किए जा रहे हैं, जिनके द्वारा पूर्व में भारी संख्या में मास्क बनाए गए। पुरुष कैदियों को इलेक्ट्रिक व कौशल विकास के तहत चलाये जा रहे अन्य ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर, जितेंद्र दुबे, जेल अधीक्षक एस. के पांडेय, जेलर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कश्मीर फाइल्स जन संचार का विस्तार– प्रो. उपेंद्र पाण्डेय

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)कश्मीर फाइल्स जन संचार का विस्तार है।यह फिल्म मीडिया को नया आकाश देती है। यह बात जागरण इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेण्ट एण्ड मास कम्यूनिकेशन के निदेशक प्रो. उपेंद्र पाण्डेय ने कही। वह डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में संचालित अमर शहीद संत कँवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र में आयोजित एक रचनात्मक विमर्श को संबोधित कर रहे थे। केंद्र में यह सामयिक विमर्श कश्मीर फाइल्स और भावी मीडिया विषय पर आयोजित था। उन्होंने कहा कि आज हर व्यक्ति जन संचारक हो गया है। ऐसे में हमारी और जन संचार से जुड़े लोगों का दायित्व और भी बढ़ गया है। ये प्रश्न ही आगे की नीति तय करते हैं। प्रश्न कैसे भी हों अर्जुन के प्रश्न के उत्तर से गीता बन जाती है। प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि घटनाओं के निहितार्थ होते हैं। हमारी पहुंच जहां तक होती है वहीं संदर्भ हम ग्रहण करते हैं। यूक्रेन–रूस समस्या का उदाहरण उन्होंने दिया कि नाटो वर्चस्व के कारण यह युद्ध चल रहा है। प्रत्येक अशांति के दूरगामी असर होते हैं, चाहे वह पंजाब का हो या कश्मीर का। यह जानने की कोशिश होनी चाहिए कि समस्या की जड़ कहां है।विमर्श के क्रम में विश्वविद्यालय के जनसंचार के विद्यार्थियों के साथ ही सेवानिवृत्त वन संरक्षक विनय कृष्ण मिश्र और मीडिया पर्सनालिटी रामप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि इस फिल्म के समाधान की ओर बढ़ने और कश्मीर में मानवता को जीवन देने वाले विमर्श को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। अध्ययन केंद्र के सलाहकार ज्ञानप्रकाश टेकचंदानी 'सरल' ने विषय प्रवर्तन किया और 1931 से प्रारंभ हुई कश्मीर समस्या की ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि की जानकारी दी। अध्ययन केंद्र के मानद निदेशक प्रोत्र. आर. के. सिंह ने अपने धन्यवाद संबोधन में कहा कि यह मानवता का प्रश्न है। जो प्रश्न फिल्म उठा रही है उस पर प्रश्न प्रति प्रश्न के स्थान पर समाधान की खोज होनी चाहिए। प्रश्न उठाने से ही समाधान होता है। छुपाने से नहीं। वो प्रश्न उठाएंगे ताकि मूल मुद्दा ना उठे। इस अवसर पर प्रो. राजीव गौड़, डॉ. अनंग त्रिपाठी, के.के. रस्तोगी, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. राजनारायण पाण्डेय, अमन विक्रम सिंह, पूजा खत्री, रेखा हासानी आदि उपस्थित थे।

अविवि के किक बॉक्सिंग महिला बॉक्सरो के पंच और किक से बरसे एक सिल्वर 6 ब्रॉन्ज मेडल

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में आयोजित अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय किक बॉक्सिंग महिला प्रतियोगिता के अंतिम दिन शानिवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की महिला किक बॉक्सरो ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए एक सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर नये खेल अध्याय की शुरुआत की। विश्वविद्यालय महिला किक बॉक्सिंग टीम के मैनेजर डॉ. अनुराग पाण्डेय के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने रिंग फुल कॉन्टेक्ट इवेन्ट के 60 किलोग्राम भार वर्ग में सोनाली ने सिल्वर मेडल, 48 किलोग्राम भार वर्ग में जागृति गौतम ने ब्रॉन्ज मेडल, 70 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में श्रुति गुप्ता ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। वहीं मैट पॉइंट फाइटिंग इवेन्ट के 50 किलोग्राम भार वर्ग में सारिका चन्द ने ब्रॉन्ज मेडल, 60 किलोग्राम भार वर्ग में श्रेया पाण्डेय ने ब्रॉन्ज मेडल, 70 किलोग्राम भार वर्ग में प्रियांशी चन्द ने ब्रॉन्ज मेडल तथा 70 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में उत्तरांशी ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर की किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दमदार उपस्थिति दर्ज करायी है। अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय किक बॉक्सिंग महिला प्रतियोगिता में सभी पदक प्राप्त करने वाली खिलाड़ी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों के शानदार खेल कौशल के प्रदर्शन से विश्वविद्यालय को यह गौरवशाली क्षण प्राप्त हुआ है। खेल में उच्च स्तरीय सफलता प्राप्त करने वाली खिलाड़ी छात्राओं पर विश्वविद्यालय परिवार को गर्व है। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह एवं क्रीड़ा सचिव डॉ. आशीष प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यहां के खिलाडी उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन कर रहे हैं।

समाजसेवी ने दुष्कर्म पीड़ित बालिका के पिता से मिल सौंपी आर्थिक सहायता

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) रामनगरी की दुष्कर्म पीड़िता बालिका जो कि किंग चार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय लखनऊ में गहन चिकित्सा कक्ष में डॉक्टरों की निगरानी में भर्ती होकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रही है। लड़की के पिता से जिले के दिग्गज समाजसेवी व उद्योगपति हरिओम तिवारी ने मिलकर आर्थिक सहायता देकर ढाँढस बंधाते हुये कहा कि बिटिया जब पूर्ण रूप से स्वस्थ हो जाये तो प्रतीकात्मक रूप से उसे गोद लेकर उच्च शिक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी मेरी है। हरिओम तिवारी ने बालिका के परिजनों को पूरी तरह से आश्वश्त करते हुये बताया कि बालिका के इलाज में अन्य जो भी खर्च आयेगा उसे मैं स्वयं वहन करूँगा। श्री तिवारी के इस नेकी भरे कार्य से अभीभूत चाणक्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशकांत पांडेय, उपाध्यक्ष कप्तान तिवारी, जिला महासचिव मालेन्द्र तिवारी, गिरिजेश त्रिपाठी, अम्बरीष पांडेय आदि ने प्रशंसा व्यक्त की है।

केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्टस द्वारा औषधि निरीक्षकों का स्वागत एवम विदाई सम्मान समारोह आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्टस वेलफेयर एसोसिएशन जौनपुर द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन सोमवार देर रात एक होटल में सम्पन्न हुआ।इसी समारोह में नवांगतुक औषधि निरीक्षक जौनपुर चंद्रेश द्विवेदी का स्वागत एवम ढाई साल का कार्यकाल पूरा करने वाले औषधि निरीक्षक अमित कुमार बंसल का विदाई सम्मान भी किया गया। कार्यकम सभा की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष श्री शकील अहमद ने किया,अपने अथितिय सम्मान उद्बबोधन में मुख्य अतिथि श्री के जी गुप्ता– डीएलए वाराणसी का स्वागत करते हुए उनके सहयोग भावना का प्रसंशा किए,उन्होंने अमित बंसल द्वारा जौनपुर में उनके कार्यकाल में किए गए कार्य की प्रशंसा किए। शकील अहमद ने नया पदभार संभालने वाले चंद्रेश द्विवेदी का स्वागत करते हुए उनसे दवा व्यवसाईयो का सहयोग करने की अपील किए।मुख्य अतिथि के जी गुप्ता के सम्मान में प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने कहा कि के जी गुप्ता विनम्रता की प्रतिमूर्ति है,पूरे मंडल की जिम्मेदारी रखते हुए भी नए लाइसेंस हो या नवीनीकरण हो सभी कार्य समय पर निर्गत होता है। दिवाकर सिंह उनके सहज कार्य शैली की भूरी भूरी प्रसंशा किए अमित बंसल के कार्यकाल को याद करते हुए उनके सहयोग भावना का प्रसंशा करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामना दिए।नवांगतुक औषधि निरीक्षक चंद्रेश द्विवेदी का स्वागत करते हुए उन्होंने संस्था द्वारा सहयोग देने की बात कहे।औषधि निरीक्षक चंदेश द्विवेदी ने सभी दवा व्यवसाईयों को सम्बोधित किया और कहा कि दवा व्यवसाय में होने गलतियों के प्रति आगाह किया और सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताए।निवर्तमान औषधि निरीक्षक बंसल ने नकली दवाइयों पर अपने लड़ाई को आगे जारी रखने के लिए कहा और उन्हें चिन्हित करे उन्हें दंड दिलाए और उन्हें समाज का नासूर बताया। मुख्य अतिथि के जी गुप्ता ने दवा लाइसेंसिंग प्रक्रिया में बदलाव के विषय बताया उन्होंने जोखिमों को ध्यान में रख कर व्यवसाय करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का आयोजन रामकृपाल जायसवाल के सौजन्य से हुआ,कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार सिंह ने किया।मंच की व्यवस्था कार्यवाहक महामंत्री श्याम सिंह,

संयुक्तमंत्री प्रशांत मौर्य, मंच आपूर्ति ऑडिटर सुनील कुमार गुप्ता,उपाध्यक्ष कमल कुमार,विनोद रावत कनवीनर महेश पांडे,धर्मेंद्र सेठ एवं सुजीत कुमार सिंह और अनिल कुमार उदय प्रताप, एच एन दुबे,पंकज द्विवेदी,रित्विक मोहन ने किया,चेयरमैन अखिलेश श्रीवास्तव एवं संगठन मंत्री आशुतोष सिंह की देखरेख में स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम अतिथियों को प्रदान की गई। डीएलए के जी गुप्ता को अंगवस्त्रम देकर दिवाकर सिंह ने सम्मानित किए। अमित बंसल को संरक्षक मंडल से राजेश सिंह एवं राजदेव यादव स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम दे कर सम्मानित किए शकील अहमद ने चंद्रेश द्विवेदी को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम दे कर सम्मानित किए,गाजियाबाद से आए समर्थ बंसल को श्याम सिंह ने स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्रम दे कर सम्मानित किए,ड्रग बाबू एहसान खान को प्रशांत मौर्य ने स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किए,वाराणसी से आए धनंजय यादव को संयुक्त मंत्री आनंद साहू ने अंगवस्त्रम दे कर सम्मानित किए।आयोजक रामकृपाल जायसवाल ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया ,इस अवसर पर संरक्षक मंडल से राजदेव यादव,राजेश सिंह,योगेश श्रीवास्तव,अरुण त्रिपाठी और संजय सिंह उपस्थित रहे।मुंगराबादशाह पुर से अमृत लाल यादव के नेतृत्व में मछलीशहर से उपाध्यक्ष श्री जगदीश गुप्ता एवं रतन लाल गुप्ता के नेतृत्व और केराकत से संजय सिंह के नेतृत्व में विपिन गुप्ता,उमेश यादव,संदीप सिंह,आशीष गुप्ता,नंदू मौर्य,मड़ियाहूं से छेदी लाल,रविन्द्र निगम,विजय कुमार खेतासराय से काफी दवा व्यवसाई उपस्थित रहे संरक्षक राजदेव यादव ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगो का आभार व्यक्त किया,सभा समापन से पहले श्याम सिंह ,आशुतोष सिंह प्रशांत मौर्य,अखिलेश प्रजापति,आनंद आदि लोगो ने फूलों के पखुड़ियों से होली खेले।

राजकीय बालिका संप्रेक्षण गृह बाराबंकी एवं बलिया का वर्चुअल निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर एम0पी0 सिंह के संरक्षण में सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत द्वारा 28 मार्च 2022 को ''राजकीय बालिका संप्रेक्षण गृह बाराबंकी'' एवं ''राजकीय बाल गृह (बालिका) निधारिया, बलिया'' का त्रैमासिक निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन वीडियो कालिंग के माध्यम से किया गया। सचिव द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं, विधिक सेवा गतिविधियों व संवासिनियों को उनके मौलिक व विधिक अधिकारों की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में बताते हुए कहा गया कि किसी बालिका को विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर सम्बन्धित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रेषित कर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकती है। इस अवसर पर राजकीय बालिका संप्रेक्षण गृह बाराबंकी की सहायक अधीक्षिका कंचन वर्मा तथा राजकीय बाल गृह (बालिका) निधरिया, बलिया की प्रभारी अधीक्षिका श्रीमती माधवी श्रीवास्तव एवं सहकर्मी उपस्थित रहे। सचिव, द्वारा अधीक्षिका को निर्देशित किया गया कि कोविड–19 प्रोटोकाल का अनुपालन कराते हुए परिसर की नियमितरूप से साफ–सफाई एवं समय–समय पर बालिकाओं की थर्मल स्केनिंग कराती रहें। किसी बालिका को विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर सम्बन्धित जनपद के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पत्राचार कर निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

मण्डलीय वृहद पशु आरोग्य शिविर/मेला का हुआ आयोजन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)अयोध्या मंडल के मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय मण्डलीय वृहद पशु आरोग्य शिविर/मेला का जनपद अयोध्या के विकासखण्ड रूदौली के ग्राम बरई (कैथी) में शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी नितीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव ने पशुपालन से सम्बंधित योजनाओं, बीमारियों से बचाव व जागरूकता के स्टालों यथा बधियाकरण/पैथालॉजी, कृमिनाशक, लघुशल्य, बांझपन, गर्भ परीक्षण/कृत्रिम गर्भाधान, सामान्य टीकाकरण, टैगिंग आदि सम्बंधी स्टालों व पशुधन विभाग के पशु बीमा स्टाल आदि अवलोकन किया तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही पशुपालन सम्बंधी समस्त योजनाओं की मेले में आने वाले पशुपालकों को बेहतर जानकारी देने व योजनाओं सम्बंधी पम्पलेट/साहित्य भी प्रदान करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर मण्डलायुक्त महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि पशुपालन सम्बंधी योजनाओं को अच्छे एवं प्रभावी ढंग से संचालित एवं क्रियान्वित किया जाये। योजनाओं का मेले, पम्पलेट व अन्य माध्यमों द्वारा बहुत अच्छे ढंग से प्रचार–प्रसार करें, जिससे अधिक से अधिक पशुपालक योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त कर सकें। उन्होंने समस्त ग्राम प्रधानों, पंचायत सदस्यों आदि को भी योजनाओं की भली भांति जानकारी देने को कहा। उन्होंने पशुधन बीमा योजना के प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप और बेहतर कार्य करने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने पशुपालन विभाग की योजनाओं पर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी गण को विशेष ध्यान देने व योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से क्षेत्र में लागू करने को कहा। मण्डलायुक्त ने अपर निदेशक को मण्डल के अन्य जनपदों में पशुपालन सम्बंधी कार्यक्रमों का आयोजन कर अधिक से अधिक पशुपालकों को योजनाओं से लाभान्वित करने व पशु पालन के बारे में जागरूक के निर्देश दिये।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले, नवाचार व आधुनिक विधियों के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट, गोबर बेहतर उपयोग करने, दुग्ध उत्पादन क्षमता व आय में अच्छी वृद्धि करने वाले प्रगतिशील किसान भाई अपने अनुभवों व नवाचार को अन्य कृषकों/पशुपालकों को भी बताये, जिससे अन्य लोग भी इसका लाभ ले सकें। मेले में कुमारगंज विवि के वैज्ञानिकों व अनुभवी पशुपालकों द्वारा पशुओं के टीकाकरण, पशुओं को विभिन्न रोगों से बचाने हेतु बरती जाने वाली सावधानियों, पशुपालकों के आय को बढ़ाने हेतु विभिन्न नवाचार जानकारियों आदि की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गयी।इस अवसर पर मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रगतिशील पशुपालकों को मिनिरल मिक्चर प्रदान कर सम्मानित/प्रोत्साहित भी किया। मेले में बड़ी संख्या में कृषक भाईयों के साथ ही पशु भी लाये गये थे। इस अवसर पर जनपद अयोध्या के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित मण्डल के अन्य जनपदों के भी पशु चिकित्सक भी उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे लाइन पर मिला किशोरी का शव

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : जनपद के थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र से निकली रेलवे लाइन के किनारे किशोरी का क्षत विक्षत शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए शिनाख्त नहीं होने पर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र से गुज

किसी को परवाह नहीं 70 साल पुराने बस स्टैंड की उखड़ रही सांसे

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)आज से लगभग 70 वर्ष से अधिक का समय बीत गया ना जाने कितने अधिकारी आए और नौकरी पूरी करें सेवानिवृत्त हो गए कुछ नहीं बदला तो वह अयोध या बस स्टेशन पूर्व में फैजाबाद की सीरत और सूरत आज यह अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है सिरे से यात्री सुविधा नदारद हैं पीने का पानी तक नहीं है इस बस स्टैंड पर मिलना मुश्किल हो गया है इसी के अन्य सुविधाओं का अंदाजा लगाया जा सकता है ऐसा नहीं कि यात्री सुविधा के मध्य में धन नहीं है बावजूद इसके बस स्टेशन के उद्धार के प्रति विभागीय अधिकारी का रवैया बेहद निराशाजनक है रोडवेज बस में सफर शुरू करते ही आपकी टिकट में यात्री सुविधा का खर्च जुड़ जाता है प्रत्येक माह यात्री सुविधा के मन में लाखों रुपए आते हैं यहां राशि लखनऊ स्थित परिवहन निगम के मुख्यालय चली जाती है ना जाने कितनी बार लखनऊ से वहां उपलब्ध सुविधाओं का विवरण मांगा गया लेकिन सब फाइलों में कैद होकर रह गया विभागीय स्तर पर पिछले 3 वर्ष से बस स्टेशन को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने का प्रयास हुआ लेकिन किसी कंपनी ने रूचि नहीं दिखाई आखिरकार अयोध्या डिपो को पी पी मॉडल से अलग कर दिया गया इसके बाद भी बस स्टेशन की बेहतरी के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका 7 दशक से अधिक पुराने बस स्टैंड की स्थिति बेहद खराब हो चली है कर्मचारियों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं है भवन जर्जर हो चुके हैं सबसे खराब हालत चालक परिचालक के रेस्टिंग रूम की है पहली मंजिल बरसात में गिर चुकी है भूतल कब जाए कुछ कहा नहीं जा सकता निगम ने खतरे का संकेत देते हुए लाल रंग से दीवाल पर क्रॉस लिख दिया है लेकिन कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई मजबूरन आज भी चालक परिचालक रेस्टिंग रूम खतरे के बीच तत्पर रात गुजारते हैं शायद निगम प्रशासन बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है स्टेशन पर यात्रियों तो दूर कर्मचारी के पीने का पानी नहीं है मौजूद यात्रियों के लिए लगा वाटर कूलर खराब पड़ा है 20 गायब हो चुकी हैं इससे तो यही लगता है कि अधिकारी लापरवाह बन चुके हैं नल में लकड़ी छूट दी गई है हैंडपंप खराब पड़े हैं यात्रियों के बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है सबसे बड़ी बात यह है कि आज तक इस बस स्टेशन पर बसों के संचालन की समय सारणी तक नहीं लगाई जा सकी बस स्टेशन परिसर में यूरिनल तक नहीं है एक जर्जर झांसी के बीच बसों का संचालन और बेहतर आय का रास्ता तलाशा जाता है लेकिन सुविधाओं के प्रति निगम प्रशासन पूरी तरह से उदासीन एवं लापरवाह है जबकि डिपो से प्रतिदिन 10 से 13000 यात्री सफर करते हैं इनमें लंबी दूरी के सभी यात्री दिल्ली जाते हैं डिपो परिसर में स्वच्छ पानी ना मिलने से यात्रियों को बाहर से बोतल बंद पानी खरीदना पड़ता है जबकि विभिन्न मदों में निगम को प्रतिमाह लाखों रुपए का राजस्व प्राप्त होता है।

पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान पर लटकी कार्यवाही की तलवार

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) काफी लंबी लड़ाई के बाद ब्लॉक तारुन की ग्राम पंचायत नरौली व गयासपुर के विकास कार्यों की जांच रिपोर्ट सूत्रो के मुताबिक आ गई है।दोनों की जांच रिपोर्ट में ग्राम प्रधान अवर अभियंता एवं पंचायत सचिव दोषी पाए गए हैं गरौली ग्राम पंचायत की जांच में 400000 की आर्थिक एवं गयासपुर की जांच में 900000 से ज्यादा की वित्तीय अनियमितता है गरौली के सुधीर तिवारी एवं गयासपुर की जांच के लिए रामकृष्ण को लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी ब्लॉक से लेकर जिले तक उस गठजोड़ से कदम कदम पर यह दोनों लड़ते रहे जो उनके बचाव में टिकट के माध्यम से जांच को आगे नहीं बढ़ने दे रहे थे जिला राज पंचायत अधिकारी शीतला प्रसाद सिंह ने बताया कि गरौली से सुरेश पुत्र नीरज की फैमिली आईडी पर उसके आवास का निर्माण ना करा सुरेश नाम के दूसरे युवक की पत्नी रंजना का वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री आवास बनवा दिया गया 120000 की वित्तीय अनियमितता में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव को जांच कमेटी ने दोषी माना है जांच कमेटी में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अधिशासी अभियंता जल निगम शामिल है प्रधानमंत्री आवास निर्माण की मजदूरी के भुगतान 28650 भी इन दोनों से वसूल किए जाएंगे संतोष के घर में राम लौट के घर तक खरंजा कार्य एवं छोटे लाल के घर से राजकुमार के घर के पीछे खड़ंजा की ओवरलैपिंग में 163000 631 के दोषी मिले हैं राम बहादुर के नलकूप से मंसाराम के खेत तक खड़ंजा कार्य ना होने से 1 लाख 288 की वित्तीय अनियमितता प्रमाणित हुई है जिलाधिकारी एसडीओ पंचायत से कार्रवाई के लिए उस समय एवं पंचायत सचिव के नाम मांगे गए हैं।

मासूम बालिका के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने निकाला विरोध मार्च

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)रामनगरी में मासूम बालिका के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में विरोध मार्च निकालकर मासूम बालिका को न्याय देने की मांग की। इससे पूर्व कांग्रेस पार्टी के नेता तथा पदाधिकारी गांधी पार्क में एकत्रित होकर कचहरी के लिए बड़ी संख्या में कूच किये।रोडवेज के पास भारी पुलिस बल ने उन्हें रोका वहां बड़ी देर नारेबाजी की गई जिसमें मासूम को न्याय दिलाने की अपील की गई। रोडवेज पर सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा ज्ञापन ले समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा फैजाबाद का जिला प्रशासन मूक और बधिर हो गया है। पीड़ित बच्चे द्वारा बार–बार यह कहने के बावजूद कि दुष्कर्म में 3 लोग शामिल थे प्रशासन सिर्फ एक व्यक्ति पर कार्यवाही कर खानापूर्ति कर रहा है।जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा इस पूरी घटना में प्रशासन की भूमिका संदिग्ध है ऐसा प्रतीत हो रहा है प्रशासन किसी के दबाव में काम कर रहा ,उस व्यक्ति का नाम भी सार्वजनिक होना चाहिए जिसके दबाव में प्रशासन इतनी बड़ी घटना को दबाने का कुत्सित प्रयास कर रहा।जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया अगर यथाशीघ्र पीड़िता को न्याय नहीं मिलता है तो कांग्रेस पार्टी और भी बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।उन्होंने प्रशासन से पीड़िता को पचास लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की तथा यथाशीघ्र सभी दोषियों की गिरफ्तारी की जाए जिससे कि अबोध बालिका को न्याय मिले।प्रदर्शन में प्रमुख रूप से कार्यवाहक अध्यक्ष शिवपूजन पांडे जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह ,रामनरेश मौर्य, प्रवीण श्रीवास्तव , राम बहादुर सिंह ,सुधीर शुक्ला प्रदीप, मोहम्मद हकीम ,नीरज यादव, बलवीर कोरी ,चंचल सोनकर ,रामेंद्र त्रिपाठी ,धीरेंद्र नाथ वर्मा ,अनंतराम सिंह, प्रेम नारायण पांडे, शालिनी पांडे , प्रदेश महासचिव किसान कांग्रेस दिनेश शुक्ला, प्रदेश कोकोर्डिनेटर सोशलमीडिया शैलेन्द्र पान्डेय, जिला उपाध्यक्ष अम्बरीश पान्डेय, जिला उपाध्यक्ष राम नरेश मौर्या, जिला महासचिव युवक कांग्रेस बृहस्पतिमनि पान्डेय, राम अवध पासी ,अशोक राय आदि उपस्थित रहे।

एचटी लाइन की चपेट में युवक घायल : आपूर्ति की जांच करने चढ़ा था युवक

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन कुमारगंज विद्युत उपकेंद्र से निकलने वाला पोषक इंडोडेच फीडर पर विद्युत की चपेट में आने से युवक लल्लू निवासी अकमा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं । मौके पर मौजूद लोगों ने आनन–फानन में उपचार कराने के लिए 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए जहां पर डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।प्राप्त सूचना के अनुसार कुमारगंज थाना क्षेत्र के अकमा पूरे कड़बड़ गांव निवासी दिनेश चौहान उर्फ लल्लू पुत्र काशीराम उम्र लगभग 32 वर्ष विद्युत विभाग के कर्मियों के साथ काम किया करते थे। कुमारगंज क्षेत्र के ब्लूमिंग बड्स स्कूल के निकट हेल्थ इंडिया जिम सेंटर के सामने विद्युत पोल पर केवल ठीक कर रहे था।लोगों के मुताबिक काफी दिनों से यहां पर लाइट की समस्याएं चल रही थी । लाइट ठीक करने के लिए जैसे ही खंभे पर चढ़े कि ऊपर से गुजरी 11000 हाईटेंशन लाइन ने अपनी चपेट में ले लिया और वह खंभे से नीचे आ गिरे। डॉक्टरों ने उपचार के दौरान बताया कि विद्युत चपेट में आने से युवक काफी झुलस गया है।बांयां हाथ भी फैक्चर हो गया है । फिलहाल उपचार चल रहा है और वो खतरे से बाहर है। वहीं विद्युत उपकेंद्र कुमारगंज के अवर अभियंता आनंद प्रकाश ने बताया कि मेरे यहां दिनेश व लल्लू नाम का कोई कर्मचारी नही है,फिलहाल यह मामला संज्ञान में आया है।इस मामले में मौके पर जांच किया गया जांच में पाया गया कि 11 हजार एच टी लाइन के नीचे एलटी लाइन बनाया गया था।जिसमें केबिल जोड़ने के लिए पोल पर बिना शट डाउन के चढ़े थे जिससे विद्युत लाइन की चपेट में आ गए।

रौजागांव चीनी मिल का पेराई सत्र 4 अप्रैल को होगा समाप्त : गन्ना लदे वाहनों की लगी लंबी कतार

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)रौजागांव चीनी मिल ने अपने गन्ना कैलेंडर की सभी पर्चियां जारी कर दी है।4 अप्रैल तक मिल क्षेत्र के सभी गन्ना किसानों को गन्ना आपूर्ति करने के निर्देश दिए गए हैं।मिल फ्री होने की जानकारी होने के भारी संख्या में किसानों ने गन्ने की कटाई कर मिल भेजना शुरू कर दिया।जिससे लखनऊ अयोध या राजमार्ग पर गन्ना लदे वाहनों की लंबी कतार लग गई है और हाईवे भी जाम लग गया।गत दिनो दोपहर हाईवे पर काफी संख्या में गन्ना लदे वाहन पहुंच जाने से हाईवे पर जाम लग गया दोनों और लंबी लंबी कतारें लग गई।सूचना मिलने पर कोतवाली रुदौली के उपनिरीक्षक हरिकेश यादव खबर लिखे जाने तक जाम को हटवाने में लगे रहे।मिल के सहायक गन्ना प्रबंधक अजीत राय ने बताया की रौजागांव चीनी मिल का पेराई सत्र 4 अप्रैल को समाप्त हो जाएगा।मिल को फ्री कर दिया गया है।

शोषित वंचित पीड़ित व देशहित में समाज की लड़ाई लड़ने में करूंगी संघर्ष – अर्चना तिवारी

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) लोकतंत्र को बचाने के लिए सामाजिक संघर्ष के दायरे को और बढ़ाने के लिए सारी संपत्ति की पुलिस प्रशासन को सार्वजनिक जानकारी देकर शोषित वंचित पीड़ित देशहित समाज की लड़ाई लड़ने में और तेजी से करूंगी संघर्ष समाजसेवी अर्चना तिवारी ने कहा कि मेरे एवं मेरे पति के ऊपर बैंक का 4 लोन हैद्य एक दो लाख का,दूसरा एक लाख 90 हजार का ,तीसरा 61000 हजार का और चौथा 5,लाख 50 हजार का कार लोन है।दो स्कूटी एक बलेनो फोर व्हीलर गाड़ी एक। 1232 स्क्वायर फीट का प्लांट अयोध्या में एक पैतृक आवास और थोड़ा सा जेवर मेरे पास है।कमाई का साधन पतिदेव के पूजा पाठ से सारी चीजों की पूर्ति होती है पहले मैं रोजगार करती थी लेकिन 2016 से बेरोजगार हूं ।मेरे बैंक अकाउंट में लगभग 9 हजार कुछ रुपए की राशि उपलब्ध होगी यदि मेरे खाते में इकट्ठा कोई बड़ी राशि आई हो तो उसकी जांच राज्य एवं केंद्र सरकार कर सकती है क्योंकि कर नहीं है तो डर नहीं है ।बस केंद्र एवं राज्य सरकार से एवं जिला प्रशासन से सविनय निवेदन रहेगा की आप मेरे ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही, आजीवन कारावास भी कर दीजिए। संपत्ति की भी कुड़की कर लीजिए। लेकिन एक निवेदन रहेगा की जो मैं बैंकों की कर्जा हूं ,मेरे प्रॉपर्टी को बेचकर सभी बैंकों का कर्जा चुका दिया जाए। जिससे बैंक का विश्वास बना रहे। और कुछ नहीं कहना चाहूंगी। सारी पोस्टों में सारी बाते कह चुकी हूं। शोषित वंचित पीड़ित की एवं देशहित समाज समाज हित की लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ती रहूंगी मुझे मातृभूमि का कर्ज पूर्ण ईमानदारी से चुकाना है मेरे दोनों बच्चे भी मातृभूमि को समर्पित रहे।मुझे अपने ईश्वर एवं अच्छे कर्मों पर पूर्ण विश्वास है ।मैं बहुत भाग्यशाली हूं। मेरे पति भी देशहित समाज हित के लिए समर्पित रहते हैं और भगवान से यही प्रार्थना है बच्चे भी मेरे ऐसे ही बने। ईश्वर मुझे धन संपत्ति पैसा कुछ मत देना अगर देना तो सिर्फ सब्र संतोष आत्मबल देना प्रभु जिसके मेरे परिवार में यह आ गया जान लीजिए उसे दिन मेरे परिवार में परम सुख की प्राप्ति हो गई।

भारत की जनवादी नौजवान सभा का दसवां जिला सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला कमेटी अयोध्या का कल रबिबार को 10वाँ जिला सम्मेलन बड़े हर्षोउल्लास के साथ देवकाली नोखे का पुरवा निकट नन्द कान्वेंट स्कूल के पास तीन चरणों मे दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ। पहले चरण में संगठन का झंडा रोहण जिलाध्यक्ष धीरज द्विवेदी ने किया।और इंकलाबी गगन भेदी नारे इंकलाब जिंदाबाद,कलपि जिन्दाबाद,ऐ शहीद तेरे अरमानो को,मंजिल तक पहुंचाएंगे,देश के लिए शहीद हुए तमाम क्रांतिकारियों को,लाल सलाम–लाल सलाम,सबको शिक्षा,सबको काम,क्रांतिकारियों की विरासत, जिंदाबाद, बेरोजगारों को काम दो,या बेरोजगारी भत्ता दो!!आदि नारे लगाते हुए सम्मेलन की बेहतरीन शुरुआत हुई।इस सम्मेलन में प्रयबेक्षक प्रदेश महासचिव सत्यभान सिंह जनवादी मुख्यवक्ता के रूप में शामिल हुए।इस सम्मेलन 3 सदस्यीय अध्यक्ष मण्डल कॉम धीरज डिबेड़ि,तारिक इशहाक और मालती तिवारी की अध्यक्षता में विधिवत सम्मेलन शुरू हुआ।दूसरे चरण में सम्मेलन का उद्घाटन सत्र शुरू हुआ।उद्घाटन सत्र का उद्घाटन करते हुए प्रदेश महासचिव सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि ने कहा कि कलपि हिंदुस्तान का सबसे बड़ा युवाओं का संगठन है,1980 गठन से आज तक करीब डेढ़ करोड़ युवाओं की सदस्यता वाला संगठन बनने का गौरव प्राप्त कर चुका है।सबको शिक्षा सबको काम के नारे को बुलन्द करते हुए आज पूरे देश मे संघर्ष कर रहा है। बेरोजगारी, महंगाई, अशिक्षा, नफरत, साम्प्रदायिकता के खिलाफ,गुडवत्ता परक शिक्षा व रोजगार के लिए लड़ाई जारी कर रखा है।आज देश के युवाओं को अपने आजादी और रोजगार के लिए मुकम्मल लड़ाई के लिए तैयार रहना होगा।क्रांतिकारी परम्परा ,साझी शहादत, साझी विरासत के लिए संघर्ष करना होगा।क्रांतिकारियों ने अपने लिए नही,अपनो के लिए कुर्बानी दिया।उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि युवाओं को अपने अधिकार के लिए संघर्ष करने के लिए तैयार रहना होगा।शुभकामना सन्देश माकपा नेता मोहम्मद इशहाक,पार्टी जिलासचिव कॉम अशोक यादव,माकपा नगर सचिव कॉम रामजी तिवारी,गंगाराम भगत,कमलेश जी,नन्दकांवेंट के प्रबंधक राजेश नन्द ,कॉम रामदुलारे यादव ने दिया। जिलासचिव कॉमरेड शेरबहादुर शेर ने 3 साल की रिपोर्ट रखा।रिपोर्ट में 11 ग्राम इकाई के नेताओं ने बहस में हिस्सा लिया।सभी लोगों ने संगठन की कमियों को रेखांकित करते हुये संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लेते हुए रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पास किया।सम्मेलन में 32 इकाइयों से 69 डेलीगेट शामिल हुए।सम्मेलन ''हम होंगे कामयाब,एक दिन''गाने के साथ शाम को 6 बजे सम्पन्न हुआ। सम्मेलन ने 17 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी का चुनाव किया जिसमें कार्यकरणी अपनी पहली बैठक में धीरज द्विवेदी को अध्यक्ष,शेरबहादुर शेर को जिला सचिव,शिवधर द्विवेदी व रामसुरेश निषाद को जिला उपाध्यक्ष, मालती तिवारी, आलोक पाठक ,बालकिशन यादव को सयुक्त सचिव चुना गया।तारिक इशहाक को मीडिया प्राभारी,श मीडिया प्राभारी जिला प्राभारी विश्वजीत सिंह,कोषाध्यक्ष शिवकुमार श्रीवास्तव पल्लन अर्जुन यादव,को सदस्य चुना गया।इस सम्मेलन में सुशीला,अनीता,नीतू मिश्रा, विनोद,अखिलेश सिंह,विश्राम प्रजापति,कुंदन,अर्जुन तिवारी, अमित, रजनीकांत, अशोक, ओमप्रकाश, आलोक शर्मा,एहसान अली, शहनशाह, रामकली, रामवती, मुज्जमिल,गोगा भाई,आंनद सिंह अन्नू भैया सहित सैकड़ों युवा मौजूद रहे।

हिन्दू महिला सभा उ0प्र0 ने दुष्कर्म मामले में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौदा ज्ञापन

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) अखिल भारत हिन्दू महासभा की उ0प्र0 महिला इकाई हिन्दू महिला सभा उत्तर प्रदेश की अध्यक्षा बबिता यादव के नेतृत्व में आज जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन लेने सी0ओ0 एल0आई0यू0 स्वयं अमानीगंज स्थित प्रदेश कार्यलय गए। ज्ञापन में एक 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को समाज को शर्मशार करने वाली घटना बताते हुए एक दुष्कर्मी राजन माझी को गिरफ्तार करने पर पुलिस प्रशासन की प्रशंसा की गई। ज्ञापन देने के बाद जारी बयान में बबिता यादव ने बताया कि जैसा कि विदित हुआ है दुष्कर्म के 2 अन्य आरोपी अभी कानून की गिरफ्त से बाहर है और अयोध या के नागरिकों में आक्रोश फैल रहा है । ज्ञापन में पुलिस प्रशासन से अस्पताल में भर्ती पीड़ित बच्ची का बयान लेकर अन्य दुष्कर्मियों की पहचान कर गिरफ्तार करवाने , आरोपियों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने और आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में रामधन निषाद प्रधान जी , प्रदेश महामंत्री आरती यादव जी, जिला महामंत्री रेनू सिंह,ज्योति निषाद, ज्योति श्रीवास्तव, मंजू कुमारी सहित 2 दर्जन कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

2022विधान सभा जीत के बाद लोकसभा चुनाव के फतेह में लगे युवा भाजपा नेता

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) अयोध्या जीत की पटकथा लिखने के बाद लोकसभा 2024 फतेह के लिए जी जान से से लगे युवा भाजपा नेता एवं राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रणेता देश के महान संत स्वर्गीय परमहंस दास के शिष्य रहे अयोध्या के प्रथम मेयर पद की पारी को सफलतापूर्वक पूरा करके अब अगली पारी के लिए युवा भाजपा नेता महापौर ऋषिकेश उपाध्याय पूरे दमखम से लगे हैं। उन्होंने राम नगरी अयोध्या को विश्व की अनूठी धर्म नगरी बनाने में जी जान से लगे है।इसके लिए वे देश के ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के दूसरी बार बने जनप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कदम से कदम मिलाकर जहां विकास कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। वहीं पर चाहे वह ग्राम प्रधान का चुनाव या ब्लॉक प्रमुख जिला पंचायत और विधानसभा 2022 एमएलसी चुनाव में पूरी शिद्दत से लगकर प्रत्याशियों को जीत दिलाई है और यह सिद्ध कर दिया है कि जिले के जनप्रिय समाजसेवी ब्राह्मणों एवं सर्व समाज के सभी जातियों में अपनी जबरदस्त पैठ रखने वाले नेता हैं। उपाध्याय हाल ही के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी वेद प्रकाश गुप्ता के पक्ष में संत समाज के साथ ब्राह्मणों के बड़े समूह चाणक्य परिषद एंवम अन्य कई जातीय संगठनो को जोड़कर जीत की पटकथा लिखी जिसके लिए उनकी समाज में खूब चर्चा हुई। अब वे लोक सभा 20 24 के चुनाव में भाजपा की जीत के लिए कमर कस चुके और जुड़वा शहर के मोहल्लों एवं गांव गांव में निकाल कर सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचा रहे है।

पीडियाट्रिक केयर चिकित्सा इकाइयों पर मॉक ड्रिल का हुआ आयोजित

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) कोविड 19 की संभावित लहर एवम बच्चों में कोविड संक्रमण के प्रबंधन और बचाव के दृष्टिगत जनपद और ब्लॉक स्तरीय कोविड केयर चिकित्सा इकाइयों एवम पीडियाट्रिक केयर चिकित्सा इकाइयों पर मॉक ड्रिल आयोजित हुआ। मॉक ड्रिल के सफल संचालन एवम समस्त तैयारियों का जायजा लेने हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद अयोध्या हेतु नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव , चिकित्सा स्वास्थ्य डा0 मन्नान अख्तर ने जिला महिला चिकित्सालय और सीएचसी मसोधा का भ्रमण किया। नोडल अधिकारी के साथ साथ मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी पीकू, सीएमएस महिला चिकित्सालय, अधिक्षक सीएचसी मसोधा, नोडल अधिकारी महिला चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।नोडल अधिकारी उत्तर प्रदेश शासन के भ्रमण के साथ साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा नामित एसीएमओ/डिप्टी सीएमओ द्वारा जनपद के अन्य कोविड केयर चिकित्सा इकाइयोंकृ पूराबाजार,बीकापुर, मवई श्रीराम हॉस्पिटल,१०० बेड चिकित्सालय कुमारगंज में मॉक ड्रिल और तैयारियों हेतु भ्रमण किया गया।

किसान सम्मान निधि का सर्वर डाउन होने से शाम तक किसान रहे परेशान

अयोध्या। (डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के मिल्कीपुर तहसील के हैरिंग्टनगंज अमानीगंज, खण्डासा ब्लॉक क्षेत्र में पीएम किसान सम्मान निधि का सर्वर काम न करने की वजह से किसानों को इधर–उधर भटकना पड़ रहा है। जबकि अगली किस्त पाने के लिए ई–केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिसकी अंतिम तिथि 31 मार्च 2022 निर्धारित की गई है। बताया गया कि पीएम किसान सम्मान निधि का सर्वर डाउन चल रहा है। सर्वर काम न करने की वजह से किसानों को ई–केवाईसी के लिए इधर–उधर भटकना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि किसानों को अगली किस्त पाने के लिए ई–केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिन किसानों के आधार में मोबाइल नंबर लिंक नहीं है। उन किसानों को दिन भर इधर–उधर जनसेवा केंद्रों पर भटकना पड़ता है। ई–केवाईसी का सर्वर ना चलने की वजह से किसानों को दिनभर सर्वर का इंतजार करने के बाद शाम को बिना ई–केवाईसी हुए ही मायूस होकर घर वापस लौटना पड़ रहा है। ई–केवाईसी करवाने आए किसान राकेश मिश्र, रामदीन, जग्गू, रामतेज आदि किसानों ने बताया की सर्वर काम ना करने की वजह से हम किसानों को काफी परेशानी हो रही है। ई–केवाईसी कराने के लिए सुबह 7:00 बजे से जनसेवा केंद्रों पर किसानों की भीड़ लगना शुरू हो जाती है । शाम तक ज्यादा से ज्यादा 5 से 6 किसानों की ही ई–केवाईसी हो पा रही है । जनसेवा संचालक दिनेश कुमार ने बताया कि जैसे सिस्टम पर काम करना प्रारंभ किया जाता है कभी नो सिग्नल या अन्य दिक्कतें आ जा रही हैं जिससे किसानों को बड़ी परेशानियां हो रही है।

मार्ग का गड्ढो में तब्दील होने के चलते राहगीरों का चलना हुआ दुश्वार

अयोध्या(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)।जिले के मिल्कीपुर तहसील के हैरिंग्टनगंज– प्रभात नगर मार्ग के परसौली मोड़ से धन्जौ चौराहे को जाने वाली सड़क पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। इस सड़क पर अनगिनत गड्ढे हैं। गड्ढे इतने खतरनाक हैं कि आए दिन राहगीर रोड पर गिर कर चोटिल हुआ करते हैं।लोगों का कहना है कि इस सड़क को गड्ढा मुक्त करने की नही बल्कि नवनिर्माण की जरूरत है। जिम्मेदार अधिकारी आमजन को हो रही कठिनाई के प्रति बेपरवाह बने हुए हैं।भाजपा सरकार प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने का दम भर रही है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों की हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। घुरेहटा के धन्जौ चौराहे से परसौली मोड़ तक इस सड़क में इतने गड्ढे हैं कि लोग अगल–बगल के मार्गों से जाना मुनासिब समझते हैं लेकिन इस मार्ग से खतरा महसूस करते हैं। चार पहिया व दो पहिया वाहन सड़क के गड्ढों में फंसकर खराब हो रहे हैं। यही नहीं अगल–बगल की एकाध सड़कें ऐसी भी हैं कि गड्ढा मुक्त करने के बाद से ही उखड़ने लगीं हैं। इन मार्गों की मरम्मत कई बार कराई गई, लेकिन इसका कोई लाभ लोगों को नही मिला।मरम्मत में खर्च किए गए करोंड़ो रुपये भी इन गड्ढों में डूब गए। घुरेहटा गांव के निवासी राम औतार प्रजापति व सुनील शर्मा ने बताया कि धन्जौ वाया जहानपुर परसौली मार्ग पर इतने गड्ढे हो गए हैं कि इस मार्ग पर चलना खतरा मोल लेने जाता है। कई सड़कें गड्ढा मुक्त की गई, लेकिन इस मार्ग को गड्ढा मुक्त अभी तक नहीं किया गया है। जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग दुरुस्त न होने से राहगीरों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

राम की पैड़ी के नहर की सफाई शुरू : राम नवमी के पहले हो रहीं तैयारियां

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) दो अप्रैल से शुरू हो रहे नौ दिवसीय रामनवमी मेले से पहले राम की पैड़ी की नहर की सफाई कर सरयू जल को छोड़ा जा रहा है। करोड़ों लोगों की पर्यटन स्थली सरयू तट स्थित राम की पैड़ी के नहर में सिल्ट का बहाव नहीं हो पा रहा है। समस्या के चलते हर चार–छह महीने में नहर के पानी को सुखाकर सिल्ट की सफाई करनी पड़ रही है।रामनवमी मेले से पहले एक बार फिर यह काम शुरू हो गया है। सभी तैयारियों को समय से पहले पूरा करने का निर्देश, दो अप्रैल से शुरू हो रहे अयोध्या के नौ दिवसीय मेले में करीब 50 लाख श्रद्धालुओं के अयोध या पहुंचने की संभावना है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने मेले से संबंधित सभी तैयारियों को समय से पहले पूरा करने का सख्त निर्देश विभागों को दे रखा है। डीएम नीतीश कुमार ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सरयू तट और राम की पैड़ी पर खास तौर पर किसी भी प्रकार की समस्या न होने देने के लिए कहा है। सिल्ट की सफाई के बाद उसमें सरयू का जल छोड़ा जाएगा। सिल्ट की सफाई के बाद उसमें सरयू का जल छोड़ा जाएगा। राम की पैड़ी सरयू तट और नागेश्वरनाथ मंदिर के बीच है। बता दें कि अयोध्या की धर्म यात्रा सरयू के दर्शन और स्नान से शुरू होकर नागेश्वरनाथ महोदव, हनुमानगढ़ी और कनक भवन होकर रामलला के दरबार को जाती है। अयोध्या आने वाला हर भक्त सरयू का दर्शन या स्नान कर उसके पवित्र जल से भगवान श्रीराम के पुत्र कुश के हाथों स्थापित नागेश्वरनाथ महादेव का अभिषेक करता है। राम की पैड़ी सरयू तट और नागेश्वरनाथ मंदिर के बीच में पड़ती है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।